## खबर संक्षेप



### बच्चों के लिए धार्मिक कार्यक्रम भी जरूरी : मेहता

**रादौर।** सरस्वती मेहता पब्लिक स्कूल रादौर की ओर से वीरवार को स्कूली छात्रों को आदिबद्री तीर्थ स्थल के भ्रमण करवाया। बच्चों ने श्री आदिबद्री दर्शन कर हवन यज्ञ में आहूति डाली और सभी के लिए मंगल कामना की। वहीं बच्चों ने माँ सरस्वती उद्गम स्थल पर भी आचमन किया। स्कूल प्रबंधक कपिल मेहता ने बताया कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ साथ उन्हें धार्मिक कार्यक्रम भी करवाया जाना अनिवार्य है। जिससे बच्चे अपनी संस्कृति के बारे में सीखते है

### व्यक्ति पर महिला से छेड़छाड़ करने का आरोप

**यमुनानगर।** जिले के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने महिला को रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार प्रताप नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही राजू काफी दिनों से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। उसने कई बार आरोपी की हरकतों को नजर अंदाज किया मगर आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। महिला ने बताया कि 16 नवंबर को आरोपी ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी।

### फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह का जन्मदिवस मनाया

**रादौर।** रोटरी क्लब रादौर की ओर से वीरवार को फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह के जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब के सचिव भारत माटिया विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने मिल्खा सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मिल्खा सिंह का जन्म 20 नवंबर 1929 को गोविंदपुरा जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है के एक सिख परिवार में हुआ था। उनका खेल और देश से बहुत लगाव था। इस वजह से विभाजन के बाद भारत आ गए। यहां आकर वे भारतीय सेना में शामिल हो गए।

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम में तैनात हसन सिंह ने बताया कि वह टीम के साथ कलानौर बॉर्डर के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें एक युवक आता दिखाई दिया। जब उन्हें युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक की पहचान संदीप के नाम से हुई।

---

नेशनल पब्लिक स्कूल यमुनानगर में चल रही दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता का हुआ समापन

# टैगोर हाउस ने जीती ओवरऑल चैंपियनशिप प्रतियोगिता

## समापन अवसर पर मुख्यातिथि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित





**यमुनानगर।** नेशनल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट के समापन पर विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते हुए व मुख्यातिथि के स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में चल रही दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक्स मीट 2025-26 का वीरवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में डिप्टी एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर यमुनानगर आदित्येन्द्र त्अदित्येंद्र तक्षक ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक आरएस पुंडीर ने की। मौके पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करेक व ओलंपिक टॉर्च जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक आरएस पुंडीर ने बताया कि एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता में मार्च पास्ट में टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, 100 मीटर रेस में दीपांशु ने प्रथम, सिमरप्रीत ने द्वितीय व राधिका और केशव शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह स्लाइड कपल रेस शिवांस व वतन ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, लेक पुलिंग रेस में हार्दिक व गोपालय ने प्रथम स्थान और कुश व आरव ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी तरह बैलून रेस में रुद्र व कृष्णाय ने प्रथम और काव्य व अराध्या ने द्वितीय, कोन बैलेंसिंग में पाखीय ने प्रथम व अंश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को स्पेशल प्राइज दिए गए। जबकि टैगोर हाउस ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्राफी पर कब्जा जमाया। मौके पर नन्हे मुन्ने कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य (कथक) बांग्ला नृत्य, राजस्थानी घूमर, गढ़वाली लोक नृत्य, पंजाबी भांगड़ा तथा ग्रुप डांस कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, पहलगाम हमले की थीम पर आधारित लघु नाटिका ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इस मार्मिक प्रस्तुति में बच्चों ने आतंकवाद के खिलाफ ,कजुटताए शांति की पुकार, देशभक्ति की भावना तथा कश्मीर में अमन की बहाली का संदेश जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।योग प्रदर्शन एवं पिरामिड निर्माण ने भी सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

**सम्मानित**

मौके पर विजेताओं को मुख्यातिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि आदित्येंद्र तक्षक ने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास जगाते हैं। उन्होंने पहलगाम हमले पर लघु नाटिका की विशेष प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर पूर्व छात्रा डॉ. संध्या पांचाल, प्रधानाचार्या मनीषा गौतम ने मुख्य अतिथि आदित्येंद्र तक्षक को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर उप प्रधानाचार्या आस्था राणा आदि मौजूद रहे।

---




**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के डीएवी स्कूल में विजेता बच्चों को सम्मानित करते प्रिंसिपल।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ सम्मान समारोह

## पंजाबी भाषण प्रतियोगिता में मानवी रही प्रथम

- प्रिंसिपल ने विजेता छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य रमन शर्मा के द्वारा विजेता छात्रों को सम्मानित भी किया गया ।

कार्यक्रम के अंतर्गत शहीदी दिवस पर भारत विकास परिषद के द्वारा आयोजित पंजाबी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा मानवी को व जेएमआईटी रादौर में आयोजित विजन वेंचर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों आयुष कौशल, वेधा, इशिता व अनन्या को सम्मानित किया। प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा ने बताया कि जेएमआईटी रादौर में विजन वेंचर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें 36 विभिन्न संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में स्कूल की कक्षा 9वी से 12वी तक के छात्र आयुष कौशल वेधा इशिता व अनन्या ने अपने नवाचारी व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए। जिन्हें निर्णायकों द्वारा सराहा गया व प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं भारत विकास परिषद के द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिता में मानवी ने पंजाबी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कियाए जिनका स्कूल प्रांगण में स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे अवसर छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। उन्होंने विजेता छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

---

# दुकान में घुसकर दुकानदार पर तेजधार हथियारों से किया हमला, गंभीर रूप से घायल

- पुलिस ने चार आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव कुलपुर में कहासुनी होने पर चार युवकों ने दुकान में घुसकर दुकानदार पर तेजधार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल दुकानदार का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव खारवन निवासी अश्वनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव कुलपुर में दुकान है। पांच नवंबर को उसका सचिन, भूरा, अमर व कुलदीप के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान आरोपियों ने उसकी दुकान में घुसकर उसे पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज भी की। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

**गांव के युवकों पर लगाया आरोप**

गांव कनीपला निवासी सचिन ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही सागर व साहिल के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। इस दौरान सागर व साहिल ने अपने साथियों विशाल, साहिल आहूजा, गोल्डी राणा, लक्ष्मी, ज्ञानी व 15-16 अन्य युवकों के साथ मिलकर गांव के शिव मंदिर के पास उसे पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

- होली मदर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बाल भवन में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में प्राप्त किया उत्कृष्ट स्थान

# छात्र सुमनित शर्मा ने सोलो सिंगिंग स्पर्धा में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर के बच्चों ने बाल भवन में आयोजित सांस्कृतिक समेत विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। वीरवार को स्कूल में विजेता बच्चों का प्रधानाचार्या मोनिका व स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि गत दिवस बाल भवन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें उनके स्कूल के बच्चों ने भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस दौरान उनके विद्यालय के सातवीं कक्षा के छात्र सुमनित शर्मा ने सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सबका मन मोह लिया। उनकी मधुर आवाज और मंच पर आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति ने निर्णायकों के साथ साथ दर्शकों का भी दिल जीत लिया।



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में विजेता बच्चे अपने पुरस्कार के साथ प्रधानाचार्या व स्टाफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

**प्रेरणादायक रहा आकर्षक पोस्टर**

वहीं, कक्षा आठवीं की छात्रा इशप्रीत ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। उनके द्वारा बनाया गया संदेशपूर्ण एवं आकर्षक पोस्टर सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। इसके अलावा विद्यालय के अन्य बच्चों ने भी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेकर बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सामूहिकता की भावना विकसित होती है। हमारे विद्यालय के छात्र लगातार मेहनत और लगन के साथ हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

---

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से लोगों को मिल रहा लाभः बंचल

- पैक्स केंद्र गुंदियाना ने गांव में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा सरकार की योजना के तहत पैक्स केंद्र गुंदियाना द्वारा गांव में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने भाग लिया। उन्होंने रिबन काटकर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि एवं केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने कहा कि पैक्स केंद्र की ओर से गांव गुंदियाना में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खुलवाए जाने से ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इस प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से लोगों को बाजार से 80 प्रतिशत सस्ती दवाईयां मिल सकेंगी। बंचल ने कहा कि कोऑपरेटिव विभाग द्वारा जिले में कई पैक्स केंद्रों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खुलवाए गए हैं।



**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का रिबन काटकर शुभारंभ करते चेयरमैन धर्म सिंह बंचल।

---

# पशिचमी सभ्यता के चंगुल में फंसकर अपनी सभ्यता भूल रहे लोगः महंत

- श्री लालद्वारा मंदिर यमुनानगर में संत संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्रीलालद्वारा मंदिर यमुनानगर में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सतगुरु श्री बावा लाल दयाल महाराज की दातारपुर गद्दी के महंत रमेश दास शास्त्री महाराज ने श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति के महत्व को समझाया। श्रीलालद्वारा मंदिर में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के श्रद्धालु देवेंद्र मेहता की बेटी के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। महंत रमेश दास शास्त्री महाराज ने फरमाया कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम हिंदू हैं। यह भारतीय संस्कृति की ही देन है कि देश में अलग अलग महजब, भाषा व वेशभूषा होने के बावजूद हम एक सूत्र में बंधे हुए हैं। महंत ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश लोग पश्चिमी सभ्यता के चंगुल में फंसकर अपी भारतीय संस्कृति के भूलते जा रहे हैं। जिसका परिणाम यह है कि आज घर टूट रहे हैं।



**यमुनानगर।** श्रीलालद्वारा मंदिर में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में महाराजा का आर्शीवाद प्राप्त हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

---



**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के मुकंदलाल नैशनल कॉलेज में आयोजित कायक्रम में प्रस्तुति देते छात्र। फोटो : हरिभूमि

## संस्था का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करवाना : अशोक

**रादौर।** शहर के मुकंदलाल नैशनल कॉलेज रादौर के तत्वाधान में वीरवार को सेठ विजय कुमार के जन्मदिवस के अवसर पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा उपस्थित हुए। वार्षिक उत्सव में मुकंद लाल नैशनल कॉलेज रादौर, मुकंद लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूलए, स्वराज शिशु निकेतन स्कूल, स्वराज पब्लिक स्कूल व स्वराज देवी हॉस्पिटल आदि संस्थाओं ने भाग लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन सेठ अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित महासचिव पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर सेठ अशोक कुमार के सुपुत्र अश्विनी कुमार भी उपस्थित रहे। मौके पर कॉलेज व स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी देशभक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर सेठ अशोक कुमार ने कहा कि मुकंद लाल संस्था का प्रमुख उद्देश्य रादौर क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना है। संस्थान दशकों से बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा का प्रबंध करता आ रहा है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. माला शर्मा ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

---

**शिकायत** नगराधीश पीयूष गुप्ता ने सुनीं लोगों की समस्याएं और किया समाधान

# शिविर में समाधान के लिए प्राप्त हुई 11 समस्याएं

- लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशानुसार वीरवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता नगराधीश पीयूष गुप्ता ने की। जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों ने 11 समस्याएं रखी। जिनमें से अधिकांश का नगराधीश ने मौके पर समाधान कर दिया और शेष को समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में समाधान शिविर में 11 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिसमें दड़वा निवासी अरविंद कुमार ने गांव गधौली से दड़वा तक सड़क बनवाने बारे, यमुनानगर निवासी सुरेन्द्र पाल ने रिहायसी प्लाट पर नाजायज कब्जा करने बारे, रामपुरा कॉलोनी निवासी नरेश नंनदा ने सिवरेज लाइन नई लगवाने बारे, बुड़िया निवासी बलवंत ने कैश लेस कार्ड ने मिलने बारे, मेन बाजार में शौचालय की व्यवस्था, बुड़िया सड़क पर रैम्प बनवाने बारे, चनैटी निवासी वीना रानी ने राशन कार्ड बनवाने बारे, मॉडल कॉलोनी निवासी सुमन ने दुकान का नम्बर नगर निगम में ठीक करवाने की समस्या रखी।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश पियुष गुप्ता व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**समस्याओं का शीघ्र निपटान करने का हो रहा प्रयास**

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहे हैं। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डीआईओ तरुण सहोता, डीएमसी नगर निगम कुलदीप मलिक व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

# विद्यार्थी कठिन परिश्रम, समय प्रबंधन व आत्म विश्वास को जीवन का बनाएं आधारः कर्नल

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में प्रेरणादायी एवं देशभक्ति से ओतप्रोत मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 14 हरियाणा एनसीसी बटालियन यमुनानगर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। मौके पर बटालियन के हवलदार मेजर अमन कुमार व एनसीसी मुख्य अधिकारी डॉ. उमेश प्रताप वत्स मौजूद रहे। मुख्य वक्ता कर्नल जरनैल सिंह ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि वे अनुशासित, लक्ष्य केन्द्रित और देश के प्रति समर्पित हों तो कोई भी बाधा उन्हें सफलता से नहीं रोक सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, समय प्रबंधन और आत्म विश्वास को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपने लक्ष्य ऊंचे रखें और कठिनाइयों से न डरें व हमेशा सत्य, परिश्रम तथा अनुशासन के मार्ग पर आगे बढ़ें। मौके पर डॉ. उमेश प्रताप वत्स ने विद्यार्थियों को जीवन के वास्तविक मूल्यों और जिम्मेदारियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि एक अच्छा नागरिक बनने के लिए केवल शिक्षा ही नहीं है। बल्कि राष्ट्रहित की भावना, साहस, सकारात्मक सोच और समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठा भी जरूरी है। विद्यालय की प्राचार्या तोशव वाधवा ने मुख्यवक्ता समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह सत्र हमारे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा है। ऐसे व्यक्तित्वों से मिलने और उनसे सीखने का अवसर बच्चों के भविष्य को नई दिशा देता है।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में आयोजित सेमिनार में बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कर्नल जरनैल सिंह। फोटो : हरिभूमि

